an>

Title: Need to carry out repair work of road linking NH76 with Naanta in Kota Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री का ध्यान एक महत्वपूर्ण मुद्दे की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। एन.एच.-76 जो इलाहाबाद से कांडला को जोड़ता है, उसकी कोटा शहर से जुड़ने वाली कनेक्टिविटी सड़क का जो साठ किलोमीटर का इलाका है, उस साठ किलोमीटर की सड़क को पार करने में पौन घंटा लगता है, उस सड़क की हालत बहुत खराब हो गई है।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से निवेदन है कि जिस तरीके से एन.एच.-76 का डबल सी.सी.रोड बना है, उसी तरह से कोटा शहर की कनेक्टिविटी सड़क, जो गवर्नमैन्ट ऑफ इंडिया के अंडर में आती है, उस कनेक्टिविटी सड़क को बनाया जाए, वहां बहुत सी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं और भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना न हो जाए, उसे रोकने के लिए मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से निवेदन है।